यालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :– श्री राम लाल मीणा, आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या –04/2026

उनवान

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
ाराम पुत्र धनाराम ामी देवी पत्नी गेना राम ाते जाट निवासी रामसर आगौर तहसील ामसर जिला बाड़मेर		1. कला पुत्र गंगाराम 2. नेनु पत्नी हरखा 3. पदमाराम पुत्र चेतन 4. शेराराम पुत्र चेतन जातियान जाट निवासीयान रामसर आगौर तहसील रामसर जिला बाड़मेर 5. रतनाराम पुत्र चेतन 6. माडूदेवी पत्नी रतनाराम जातियान जाट निवासीयान बांकाणा, धारासर तहसील रामसर जिला बाड़मेर 7. तहसीलदार रामसर

उपस्थिति :– 1. वादीगण अधिवक्ता श्री कंवराज बेनीवाल।
2. प्रतिवादी संख्या 01 के अधिवक्ता श्री रविन्द्र कुमार।
3. राज पेरोकार।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

–:: निर्णय ::–

दिनांक :–18.05.2026

संक्षेप मे वाद के तथ्य इस प्रकार है कि मौजा रामसर आगौर पटवार मण्डल बबुगुलेरिया भूअनि रामसर तहसील रामसर के खसरा संख्या 440/252, 441/252 रकबा क्रमशः 13.3340, 11.7314 हेक्टैयर भूमि वादीगण एवं प्रतिवादीगण की खातेदारी में दर्ज है जिसमें समस्त खातेदारान के खातेदारी हिस्से खुले हुये है तथा मौखिक बंटवाड़ा अनुसार उभय पक्षकारान मौके पर कब्जा काश्त के काबिज होकर काश्त करते आ रहे है। वादग्रस्त आराजी में उभयपक्षकारान के मौके पर किये गये बाहामी विभाजन एवं कब्जा काश्त अनुसार बाई मीन्ट्स एण्ड बाउण्डस विभाजन करने हेतु यह वाद दिनांक 01.01.2025 को जरिये अधिवक्ता श्री कंवराज बेनीवाल द्वारा इस न्यायालय में पेश किया।

वाद दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 01 की ओर से अधिवक्ता श्री रविन्द्र कुमार उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत किया एवं सहमति जाहिर की। प्रतिवादी संख्या 02 से 06 बाद तामिल आदिनांक उपस्थित नहीं होने से उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर दिनांक 04.03.2026 को प्राथमिक डिक्री इस अमर की सादिर जारी की गई कि ग्राम रामसर आगौर पटवार हल्का बबुगुलेरिया भूअनि रामसर तहसील रामसर जिला बाड़मेर में स्थित खेत खसरा नंबर 440/252, 441/252 रकवा क्रमशः 13.3340, 11.7314 हैक्टेयर किस्म बा.सो. भूमि में वादिगण एवं प्रतिवादीगण के मध्य माफिक बाहामी विभाजन एवं कब्जा काश्त अनुसार बाई मिन्ट्स एण्ड बाउण्ड विभाजन प्रस्ताव तैयार करने हेतु तहसीलदार रामसर से विभाजन प्रस्ताव चाहा गया जो तहसीलदार रामसर के पत्रांक भू.अ./2026/1291 दिनांक 06.05.2026 द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 07.05.2026 को प्राप्त हुआ जिसे रेकर्ड पर लेकर शामिल मिशल किया गया। तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित विभाजन प्रस्ताव निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	नाम खातेदार	खसरा नम्बर	रकवा	किस्म	लगान	बरंग
1	1. गेनाराम पुत्र धनाराम हिस्सा 75904/100261 2. दमीदेवी पत्नी गेनाराम हिस्सा 24357/100261 जातियान जाट सा. देह खातेदार	440/252 441/252	4.5143 हैक्टेयर 5.5118 हैक्टेयर	बा.सो. बा.सो.	0.14 0.16	हरा
		2	10.0261 हैक्टेयर	–	0.30	–

सहायक कलेक्टर
(SDO) रामसर

Scanned with OKEN Scanner